अभ्यास-पत्र

कक्षा 8

पाठ (बाज और साँप)

प्र.1 साँप मन-ही-मन क्यों खुश होता था ?

प्र.2 साँप के लिए सबसे बड़ा सुख क्या था ?

प्र.3 बाज ने अपने जीवन के बारे में क्या बताया?

प्र.4 बाज आकाश में क्यों नहीं उड़ सका?

प्र.5 अंत में साँप ने क्या निश्चय किया?

प्र.6 लहरों ने किसके लिए गाया?

प्र.7 साँप किस प्रकार के व्यक्ति का प्रतीक है?

प्र.8 बाज किस प्रकार के व्यक्ति का प्रतीक है?

प्र.9 जब बाज नीचे गिरा तो साँप ने क्या किया?

प्र.10 शत्रुओं से लड़ते हुए तुमने अपना कीमती वक्त बिताया किसने कहा और किसको कहा ?

अभ्यास-पत्र (व्याकरण)

कक्षा 8

अव्यय

प्रश्न 1 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण को रेखांकित कीजिए और उनके भेद बताइए-

(क) अचानक जोरदार बारिश होने लगी।

(ख) विद्यार्थी इधर-उधर घूमते हैं।

(ग) बच्चा धीरे-धीरे चलता है।

(घ) मेज अचानक टूट गई।

प्रश्न 2 उचित संबंधबोधक शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. मकान _____चोर घुस आए हैं।
2. छोटा बच्चा घुटने ____चलता है।
3. बगीचे _____आम के पेड़ लगे हैं।
4. पीड़ा _____वह सो न सका।

प्रश्न 3 समुच्चयबोधक अव्यय का प्रयोग कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1.आप चाय लेंगे _____पानी।

2. कृपया सीमा _____श्याम के विवाह में अवश्य पधारें।

3. यदि पढ़े होते ____पास हो जाते ।

4. घर चलो _____रात होने वाली है।

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में उचित निपात लगाकर वाक्य पूरे कीजिए-

1.राम _____ खाना खाएगा।

2.रात _____ बारिश होगी।

3.पुत्र ने पिता को प्रणाम ____ नहीं किया

अभ्यास-पत्र

कक्षा 8

पाठ (टोपी)

प्रश्न 1 एक आदमी की खूबसूरती कैसे ढ़क जाती है?

प्रश्न 2 गवरा ने आदमी के लिए कपड़ों का क्या महत्त्व बताया?

प्रश्न 3 गवरा के अनुसार कपड़े पहनने से क्या नुकसान होता है?

प्रश्न 4 गवरा के अनुसार टोपी कौन पहनता है?

प्रश्न 5 गवरा और गवरइया के स्वभाव में क्या अंतर था?

प्रश्न 6 गवरइया खुशी के मारे घूरे पर लोटने क्यों लगी?

प्रश्न 7 गवरा ने किसे बावरा कहा?

प्रश्न 8 गवरइया की टोपी किसने, कैसे गिराई ?

प्रश्न 9 राजा क्या देखकर आश्चर्यचकित हुआ?

प्रश्न 10 गवरइया ने राजा की कौन सी पोल खोल दी?